करदाताओं को मिली आन लाईन कर अदायगी की सुविधा
(कलेक्ट्रेट श्री पी.दयानंद ने की साफ्टवेयर की लाचिंग, आन लाईन सुविधा देने वाला प्रदेश का पहला निकाय बना कोरबा नगर निगम)



कोरबा 19 फरवरी 2016 –नगर पालिक निगम कोरबा के करदाताओं को अब आन लाईन करों के भुगतान की महत्वपूर्ण सुविधा प्राप्त हो गई है। आज कलेक्टर श्री पी.दयानंद ने कलेक्टर कार्यालय स्थित अपने कक्ष में इस हेतु तैयार किए गए साफ्टवेयर की लाचिंग बटन दबाकर की। इस मौके पर आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल तथा आई.सी.आई.सी.आई. बैंक के क्षेत्रीय सेल्स हेड उपस्थित थे।

निगम ने अभिनव पहल करते हुए अपने करदाताओं को करों की अदायगी हेतु आन लाईन सुविधा प्रदान की है। प्रथम चरण में बड़े करदाताओं के मोबाईल नम्बर इस हेतु तैयार साफ्टवेयर में अपलोड कर उन्हें बकाया कर राशि की सूचना व आन लाईन भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ करा दी गई है तथा क्रमशः निगम के समस्त करदाताओं के मोबाईल नम्बर साफ्टवेयर में इन्ट्री कराकर सभी को आन लाईन भुगतान की सुविधा दी जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य में आन लाईन कर भुगतान करने की सुविधा उपलब्ध कराने वाला नगर निगम कोरबा पहला नगरीय निकाय है। निगम आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देशों के तहत आई.सी.आई.सी.आई बैंक ने इस हेतु निःशुल्क साफ्टवेयर तैयार किया है, जिसकी लाचिंग आज कलेक्टर श्री पी.दयानंद के द्वारा की गई। यहां उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा के कुल करदाताओं की संख्या 73639 है, जिसकी आवासीय भवनों के करदाता 70772 तथा व्यवसायिक व औद्योगिक करदाता 2867 है। इन सभी करदाताओं को बकाया कर राशि के डिमांड, नोटिस आदि की तामीली एवं समय पर करों की अदायगी करवाना एक बड़ा कार्य है। पुरानी पद्धति व कार्यशैली में बदलाव की आवश्यकता को देखते हुए आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने इस दिशा में ठोस कदम उठाए, जिसके परिणाम

स्वरूप अब भविष्य में करों के भुगतान तथा इसकी सम्पूर्ण प्रकिया में गतिशीलता आएगी, बेहतर परिणाम प्राप्त होगे तथा राजस्व वसूली की लक्ष्य प्राप्ति में सुगमता होगी। आयुक्त श्री अग्रवाल के निर्देश पर निगम के राजस्व अमले द्वारा करदाताओं के मोबाईल नम्बर संग्रहित किए जाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, इन मोबाईल नम्बरों को सिस्टम में डाला जाएगा तथा बकाया कर राशि की समय पर सूचना करदाताओं को दी जाएगी।

आन लाईन भुगतान आई.सी.आई.सी.आई. बैंक में – आई.सी.आई.सी.आई बैंक के क्षेत्रीय सेल्स हेड श्री नितिन पटेल ने आन लाईन निगम के करों के भुगतान की कार्य प्रकिया की जानकारी देते हुए बताया कि इस साफ्टवेयर के माध्यम से निगम के करदाताओं को उनके करों की बकाया राशि की सूचना उनके मोबाईल पर भेजी जाएगी, सूचना प्राप्त होने पर करदाता www.eazypay.icicibank.com पर जाकर commissioner municipal corporation korba को सर्च कर अपना नाम व मोबाईल नम्बर अंकित करेंगे, जिस पर उन्हें वन टाईम पासवर्ड (OTP) प्राप्त होगा, इस (OTP) को डालने पर उन्हें निगम को देय बकाया करों की राशि की जानकारी दिखेगी, जिसका आन लाईन भुगतान केडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, आर.टी.जी.एस.एन.ई.एफ.टी. , नेट बैकिंग के माध्यम से किया जा सकेगा। इसी प्रकार आफलाईन भुगतान कैश या चेक के द्वारा आई.सी.आई.सी.आई. बैंक की किसी भी शाखा में किया जा सकता है।

आज 300 करदाताओं को भेजी गई सूचना–श्री पटेल ने बताया कि आज इस साफ्टवेयर की लाचिंग के पश्चात निगम के 300 बड़े करदाताओं को उनके बकाया कर राशि की सूचना मोबाईल नम्बरों पर भेज दी गई है, जो निर्धारित प्रकिया के द्वारा आनलाईन भुगतान कर सकते हैं। उन्होने बताया कि जैसे–जैसे करदाताओं के मोबाईल नम्बर संग्रहित होते जाएंगे, कमशः उन्हे साफ्टवेयर में डालने की कार्यवाही सतत रूप से जारी रहेगी तथा मार्च के अंत तक निगम द्वारा समस्त करदाताओं को आनलाईन डिमांड भेजा जाना प्रारंभ कर दिया जाएगा।